## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस्तर संभाग में कोरोना के 17 पॉजिटिव मरीज मिले

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग के 02 जिलों में 03 कोरोना पॉजिटिव मिले, जिसमें बस्तर जिले में 02 एवं दंतेवाड़ा जिले में एक पॉजिटिव मरीज शामिल है। बस्तर जिले में कोरोना के 14 पॉजिटिव मरीज हैं, डिमरापाल स्थित कोविड वार्ड में 04 एवं होम आईसोलेशन में 10 मरीजों का उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम तकनीशियन श्रीमती लीना सेंदूर ने बताया कि शहर के चांदनी चौक में 68 लोगों की जांच की गई पर पॉजिटिव नहीं मिला। साथ ही जिले में इसके अलावा प्रशासन द्वारा तय किए गए धरमपुरा आईसोलेशन सेंटर, बकावंड आईसोलेशन सेंटर, बेसोली कोविड केयर सेंटर, एमपीएम अस्पताल के कोविड वार्ड एवं नवीन शासकीय आईटीआई भवन दरभा आईसोलेशन सेंटर में एक भी कोरोना का मरीज नहीं है, सभी के बेड रिक्त हैं।

### 19 टन लोहे की ब्लेड से भरी खड़ी ट्रक की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खमतराई थाना इलाके में माल से भरी खड़ी ट्रक चोरी की घटना सामने आई है। एम्पाल रोड सर्विस नामक फर्म सिलतरा से ट्रक में 19 टन लोहे की ब्लेड अभिलाषा कंपनी रावाभाटा के लिए लाया गया था। माल आने के बाद कंपनी ने माल अंदर नही लिया। जिसके बाद ट्रक ड्राइवर अशोक उपाध्याय ट्रक खड़ा कर अपने घर चला गया। घर से कुछ देर बाद जब ड्राइवर ने आकर देखा तो माल से भरा ट्रक गायब था। ट्रक नहीं मिलने से घबराए ड्राइवर ने तत्काल मालिक और पुलिस को सूचना दी। खमतराई पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पूरे मामले की जांच में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला गया। आस-पास के मुखबिर तंत्रों को सक्रिय किया गया था। जिसके बाद ट्रक चोरी करने वाले 3 शातिर आरोपियों को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा नेता साय की कार को तीन पहिया वाहन ने मारा टक्कर

**रायपुर (आरएनएस)।** भजपा नेता नंदकुमार साय की कार छोटा हाथी से टकरा गई। तेज रफ्तार कार से ऑटो से टकराने के बाद वे कार रोकवाकर बाहर निकले। साथ में अन्य लोगों ने ऑटो को रोक लिया। पहुंची पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है और चालक से पूछताछ की। बताया जाता है कि कार के ओवरटेक करने के दौरान ऑटो से टक्कर हुई। ऑटो से टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक रायपुर से एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे कार से अंबिकापुर किसी कार्यक्रम में शामिल होने से लिए जा रहे थे। रायपुर में ही रावणभाठा शेरे पंजाब होटल के पास मोड़ पर उनकी कार आटो से टकरा गई। कार में नंदकुमार साय के साथ सवार अन्य लोगों ने उतरकर भाग रहे ऑटो को रोक लिया। चालक से पहले पूछताछ की, उसके पास पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद खमतराई थाने की पुलिस पहुंची और आटो को जब्त कर लिया। घटना के बारे में आटो चालक से पूछताछ की।

# बरमकेला पुलिस की वाहन चेकिंग में पकड़ा गया कार में गांजा तस्करी कर रहा तस्कर

**» कार से 10 किलो गांजा की जप्ती, आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर ओडिशा प्रांत से होने वाली गांजा की तस्करी को रोकने पुलिस चाक-चौबंद व्यवस्था किए हुये है, जिससे गांजा तस्कर गांजे की तस्करी करने में विफल साबित हो रहे हैं।

इसी कड़ी में दिनांक 10/12/2021 को सबरमकेला पुलिस द्वारा कार से मध्यप्रदेश होने वाले गांजा तस्करी को विफल किया गया है। जानकारी के मुताबिक दिनांक 10.12.2021 के दोपहर थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक डी.के. मारकण्डेय हमराह स्टाफ द्वारा झनकपुर चौक बरमकेला पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान नावापारा उडीसा तरफ से आ रही एक सफेद रंग के हुंडाई इयान कार क्रमांक एमपी 20 सीई-7150 को रोका गया। वाहन चालक अपना नाम राजकुमार द्विवेदी पिता जवाहर लाल द्विवेदी उम्र 47 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर 09 थाना सिविल लाईन सतना जिला सतना (म.प्र.) बताया। आरोपी को जांच के कारण बताते हुए उसके वाहन की जांच की गई जिसमें वाहन के पीछे डिक्की में 10 पैकेट गांजा मिला, जिसे राजकुमार द्विवेदी द्वारा मध्यप्रदेश तरफ लेकर जाना बताया। थाना प्रभारी द्वारा गहावों के समक्ष गांजा का तौल कराया गया जो 10 किलो गांजा कीमती 50,000 रूपये का पाया गया। आरोपी राजकुमार द्विवेदी से मादक पदार्थ गांजा व परिवहन में प्रयुक्त कार की जप्ती कर आरोपी के विरूद्ध थाना बरमकेला में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक डी.के. मारकण्डेय के हमराह रहे प्रधान आरक्षक सोनसाय यादव, आरक्षक तरूण महिलाने, विनीत तिर्की, दिनेश कुमार चौहान, मिनकेतन पटेल, सुरेश कुमार टोप्पो की कार्यवाही में अहम भूमिका रही है।

# लैलूंगा के बहुचर्चित मित्तल दम्पत्ति हत्या मामले में डीएनए टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा क्षेत्र अन्तर्गत पत्थलगांव रोड़ निवासरत एलडरमेन एवं व्यववासी मदन मित्तल एवं उनकी पत्नी अंजू मित्तल की हत्या मामले में एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल पर मृतिका स्व. अंजू मित्तल के नाखूनों में फंसे हुए मानव बाल को प्रिजर्व कर डीएनए टेस्ट के लिये फारेंसिक लैब भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट आज दिनांक 11/12/2021 को प्राप्त हुआ है। रिपोर्ट अनुसार पुलिस द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गये 04 विधि के साथ संघर्षरत बालकों व एक आरोपी युवक में से एक बालक के ब्लड से डीएनए मैच हुआ है।

उपरोक्त घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में दर्ज अप.क्र. 279/2021 धारा 457,380,302 आईपीसी में फरार एक विधि के साथ संघर्षरत बालक की पुलिस टीम सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

# कार और ट्रक में जोरदार टक्कर,कार सवार चार लोगों की मौके पर मौत, जांच में जुटी पुलिस



**कवर्धा (आरएनएस)।** कार और ट्रक में आमने सामने जोरदार टक्कर होने से चार लोगों की मौत हो गई। चारों मृतक कवर्धा जिले का बताये जा रहा है। पुलिस शव बरामद कर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार हादसा देर रात मध्यप्रदेश बॉर्डर मोतीनाला के पास हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार सभी युवक कवर्धा से मध्यप्रदेश के कन्हार गांव जा रहे थे। तभी बॉर्डर के पास ट्रक से आमने-सामने भीषण हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं गंभीर रूप से घायल चार युवक की मौके पर ही तड़पकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नेतनागर के जंगलों में जूटमिल पुलिस की शराब रेड कार्रवाई

**» अवैध शराब भट्टी को नष्ट कर जलाये गये 26 बोरी महुआ पास**



**रायगढ़।** आज दिनांक 11/12/2021 को चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नेतनागर के जंगलों में घेराबंदी कर शराब रेड कार्रवाई किया गया। चौकी प्रभारी को सूचना मिली थी कि नेतनागर के जंगल में कुछ ग्रामीण अवैध शराब भट्टी पर शराब बना रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक को सूचना से अवगत चौकी प्रभारी अपने स्टाफ को सादी वर्दी में रेड के लिये तैयार कर मौके पर ग्रामीणों को साथ लेकर जंगल में नदी किनारे शराब बना रहे स्थल की घेराबंदी कर रेड किया गया। पुलिस की घेराबंदी देखकर शराब बनाने वाले नदी की ओर भागे। पुलिस टीम मौके पर शराब बनाने आरोपियों द्वारा रखे गये महुआ पास 26 बोरी को जलाकर नष्टीकरण किया गया तथा शराब भट्टियों को तोड़कर नष्ट किया गया है। थाना प्रभारी द्वारा ग्राम नेतनागर के रहवासियों को अवैध शराब निर्माण को लेकर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर शराब बनाने वालों की सूचना देने की हिदायत दिया गया है।

कार्रवाई में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू, प्रधान आरक्षक शम्भू पांडेय, आरक्षक प्रकाश गिरी, किर्तन यादव, सुरेन्द्र ठाकुर और ओश्निक विश्वाल की अहम भूमिका रही है।

# एशियाई थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर डोमेश्वरी कौशिक ने किया छत्तीसगढ़ का नाम रोशन



**दुर्ग (आरएनएस)।** एशियाई थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप हैदराबाद में स्वर्ण पदक जीत कर पुरे भारत की प्रतिनिधित्व करके भारत वर्ष, छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिले का नाम रौशन करने वाली साजा विधानसभा क्षेत्र धमधा ब्लॉक ग्राम पंचायत फुंडा-सिलतरा से राघवेंद्र कौशिक के सुपुत्री डोमेश्वरी कौशिक जो दुर्ग रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में मेडम लिलिमा सोनी सर, राजा कौशल के मार्गदशन से ऐतिहासिक 11 वर्ष के इतिहास में पहली बार इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव का नाम पूरे विश्व के पटल पर छाप छोड़ने के ये इतिहास से लेकर अब तक का पहली बार ग्राम सिलतरा की बेटी एशिया वर्ल्ड कप पहुंच कर गांव के लिए एक नया इतिहास बना दिए। जिसका ग्रामपंचायत से सरपंच गणेश राम ठाकुर, उपसरपंच पंचगण एवं ग्राम सिलतरा के सभी नागरिक भारी संख्या में गांव के सभी बुजर्ग से लेकर मांतायें, बहने, बच्चें अपने लाडली को उनके परिवार सहित सम्मानित किए। जिसमें विशेष रुप से उपस्थित जिला पंचायत सदस्य जीवन लाल साहू बिसाहू वर्मा, ग्राम से पूर्व सरपंच अनिता वर्मा कमलेश, पुहपीवर्मा, दुर्गा वर्मा, ममता यादव, विष्णु निर्मल, पुरन देवांगन जीवन खुटे, खेमु, विष्णु देवांगन दुखित, शंकर, खेमलाल, शिवकुमार, सुखदेव, राकेश, संतोष, रामसिंह, मनीराम, मंचसंचालन कर ससम्मान कर हेमंत कुमार वर्मा एवं सभी ग्रामवासी शामिल थे।

# 1280 किलो अवैध गांजा के साथ गांजा तस्कर ट्रक चालक गिरफ्तार



**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले की नगरनार पुलिस ने ओडिशा की ओर से अवैध गांजा का परिवहन कर एक 10 चक्का ट्रक से 1280 किलो गांजा बस्तर के रास्ते से उत्तर प्रदेश ले जाने के दौरान धनपुंजी नाका के पास से गांजा तस्कर ट्रक चालक साबिर अली निवासी उत्तरप्रदेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य 64 लाख रूपये आंकी गई है। पुलिस को चकमा देने के लिए ट्रक चालक गांजा तस्कर ने चांवल की बोरियों के बीच में गांजा छुपाकर रखा था।

सीएसपी किरण चव्हाण एवं हेमसागर सिदार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी नगरनार के नेतृत्व में गठित टीम ने धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच के दौरान एक 10 चक्का ट्रक क्रमांक यूपी 23 टी 2727 की तलाशी में 12 चिंटल 80 किलो गांजा बरामद कर वाहन चालक गांजा तस्कर साबिर अली पिता सब्बीर अली निवासी मीठापुर थाना गुलावठी, सिकन्दराबाद जिला बुलन्दशहर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर थाना नगरनार में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# दर्दनाक सड़क हादसा : ट्रैक्टर की चपेट में आने से 2 स्टूडेंट्स की दर्दनाक मौत,आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के जूटमिल चौकी क्षेत्र के कोड़ातराई के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कॉलेज में पढ़ने वाले 2 स्टूडेंट्स की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा अचानक से ट्रैक्टर मोड़ने के चलते हुआ। दोनों रायगढ़ से कॉलेज से पढ़ाई करके अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान दोनों ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार,10 दिसंबर को महलोई निवासी साधना मिश्रा 24 वर्ष और बाघाडोला निवासी जेनाकांत माली 20 वर्ष पढ़ाई करने के लिए रायगढ़ आए हुए थे। दोनों रायगढ़ के उत्तम मेमोरियल कॉलेज में पीजीडीसीए का कोर्स कर रहे थे। कॉलेज की क्लास खत्म कर दोनों दोपहर बाद घर जा रहे थे, तभी कोड़ातराई के शराब भटटी के पास ये हादसा हो गया।बताया गया शराब भट्टी के पास बने ईंट भट्?टी से ट्रैक्टर ईंट लोड कर जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर ड्राइवर ने गाड़ी को मोड़ दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि ड्राइवर ने इतने तेजी से गाड़ी को मोड़ा की बाइक सवार स्टूडेंट को मौका ही नहीं मिला इधर, उधर जाने का, दोनों ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे के बाद दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर सवार गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं परिजनों को भी सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। पुलिस ने बताया कि दोनों पुसौर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, इसलिए जूटमिल पुलिस ने पुसौर थाना को मर्ग कायम के लिए भेजा है।आरोपी को पुलिस ने बाद में पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को नाम डिलेश्वर साव बताया है।

# परिजनों ने जालसाजी कर बैंक खाता से निकाल लिया 26 लाख रूपया, शिकायत के बाद भी बैंक प्रबंधन और पुलिस में नहीं हो रही सुनवाई



**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय स्टेट बैंक से एक खाताधारक के परिजनों ने ऑन-लाईन और चेक के जरिये करीब 26 लाख रूपयों की निकासी कर गबन कर लिया। खाताधारक ने बैंक में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामले की शिकायत पुलिस में भी की गयी है, मगर पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवराज पटेल की फर्म विनायक ट्रेडिंग कंपनी का खाता क्रमांक ×0171908478 भारतीय स्टेट बैंक की भनपुरी शाखा रायपुर में संचालित है। देवराज पटेल ने आरोप लगाया है कि उनके इस बैंक खाते से निलेश पटेल पिता मंगलदास और मंगलदास पटेल पिता स्व. कानजी भाई पटेल ने ऑन लाईन तथा फर्म के चेक पर खाताधारक का फर्जी हस्ताक्षर कर करीब 26 लाख रूपयों से अधिक राशि की हेरा-फेरी तथा गबन कर लिया है। खाताधारक देवराज पटेल और मंगलदास पटेल रिश्ते में सगे भाई हैं।

शिकायतकर्ता देवराज पटेल के अनुसार इस बात की जानकारी होने के बाद उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की भनपुरी शाखा में 11 जनवरी 2021 और 25 मार्च 2021 को आवेदन देकर बैंक प्रबंधन से उक्त राशि रिकव्हर करने का अनुरोध किया। मगर बैंक प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की। सूचना का अधिकार 2005 के तहत आवेदन देकर उक्त लेनदेन की जानकारी मांगने पर 28 अक्टूबर 2021 को बैंक द्वारा विवरण दिया गया, जिससे पता चला कि फर्म के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर और ऑनलाईन ट्रांसफर कर करीब 26 लाख रूपयों से अधिक राशि का गबन किया गया है।

देवराज पटेल ने आरोप लगाया है कि बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत के बिना उक्त फर्जी लेनदेन संभव नहीं हो सकता। बैंक से कार्रवाई नहीं होने पर देवराज पटेल ने दस्तावेजों के साथ मामले की शिकायत 02 जुलाई 21 और 11 अक्टूबर 21 को खमतराई पुलिस थाना में भी की गयी है। परन्तु पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। देवराज पटेल ने नगर पुलिस अधीक्षक उरला रायपुर से मामले की लिखित शिकायत कर निलेश पटेल और मंगलदास पटेल सहित बैंक अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता 63 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक है और शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के कारण स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहा है। देवराज पटेल ने मामले की शिकायत छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनसुईया उइके से की है और न्याय दिलाने का अनुरोध किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480